प्रादेशिक समाचार

दिनांक–01.07.2024 (संध्या 1900 बजे)
मुख्य समाचार

1. **झारखंड समेत देशभर में तीन नये कानून आज से लागू, केन्द्रीय गृहमंत्री ने नए आपराधिक कानूनों के तहत शीघ्र सुनवाई और न्याय की गारंटी का दिया आश्वासन।**

2. **राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की टीम ने खूंटी में जन कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की, जरूरतमंदों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने की दी हिदायत।**

3. **लातेहार से हथियार के साथ चार उग्रवादी गिरफ्तार, धनबाद से नौ साइबर अपराधी और बोकारो से तीन डकैत पकड़ाये।**

4. **राज्य के सभी हिस्सों में दिख रहा मॉनसून का असर, दो और तीन जुलाई को राज्य के उत्तर पूर्वी और निकटवर्ती मध्य भागों में भारी बारिश के आसार, येलो अलर्ट जारी।**

****

झारखंड समेत पूरे देशभर में आज से तीन नये आपराधिक कानून–भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 लागू हो गये हैं। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि नए कानून त्वरित न्याय और पीड़ितों के अधिकार सुनिश्चित करेंगे।

इधर तीन नए आपराधिक कानूनों पर झारखंड हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन के महासचिव नवीन कुमार का कहना है कि नए कानून बदलते भारत की जरूरतों के अनुसार पेश किए गए हैं और वे सुनिश्चित करेंगे कि समय पर न्याय मिले।

****

राज्य के पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह ने कहा है कि देश में आज से तीन नए कानून लागू हो गए हैं। इसे लेकर झारखंड पुलिस पूरी तरह से तैयार है और सभी पदाधिकारीयों को प्रशिक्षण भी दिया गया है। हालांकि इसमें कई चुनौतियां भी आएंगी।

****

नये कानून के तहत आज राजधानी रांची के कोतवाली थाना में चोरी से जुड़ी पहली प्राथमिकी दर्ज हुई है। आईपीसी की जगह बीएनएस यानी भारतीय न्याय संहिता की धारा 303 के तहत मामला दर्ज हुआ है। यह मामला कोतवाली थानाक्षेत्र के अपर बाजार स्थित एक दवा दुकान में चोरी की घटना के बाद पीड़ित ने दर्ज कराया है।

****

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने राज्य सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्तों के रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए नामों की अनुशंसा के वास्ते चयन समिति का पुनर्गठन किया है। समिति के अध्यक्ष मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन होंगे, जबकि सदस्य के रूप में नेता प्रतिपक्ष, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री दीपक बिरुआ होंगे। कार्मिक विभाग ने इससे संबंधित अधिसूचना आज जारी करते हुए पूर्व की अधिसूचना को विलोपित कर दिया है।

****

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की टीम ने खूँटी जिले का दौरा किया। आयोग की सदस्य आशा लकड़ा की अगुवाई में इस टीम ने विभिन्न आदिवासी सामाजिक संगठन के प्रमुख पदाधिकारियों के साथ बैठक कर जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। इस दौरान आयोग की टीम ने लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

****

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा है कि सरायकेला–खरसावां जिले के राजनगर प्रखंड समेत आसपास के इलाकों में वैकल्पिक सिंचाई व्यवस्था के तहत पाइपलाइन के माध्यम से खेतों तक पानी पहुंचाया जाएगा। श्री सोरेन ने आज एक कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राज्य में सुखाड़ की स्थिति से निपटने को लेकर विस्तृत योजना तैयार की जा रही है, ताकि किसानों को इसका लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरायकेला जिले में कई गांवों को चिन्हित कर अंडर ग्राउंड पाइपलाइन योजना से खेतों में पानी पहुंचाने की योजना को समय धरातल पर पूरा किया जा रहा है।

****

पेयजल स्वच्छता विभाग द्वारा शहरी पेयजल आपूर्ति योजना के तहत हजारीबाग को कोनार डैम से शुद्ध पेयजल आपूर्ति की जाएगी।

****

उग्रवादियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्य व्यापी अभियान में लातेहार पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। जिले से उग्रवादी संगठन झारखंड जन मुक्ति परिषद, जेजेएमपी के चार उग्रवादियों को हथियार के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने बताया कि गिरफ्तार उग्रवादियों के पास से दो देशी कट्टा, आठ जिंदा कारतुस, एक मोबाईल और तीन मोटरसाईकिल जब्त की गयी है।

****

धनबाद पुलिस ने नौ साइबर अपराधियों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी0 जर्नादन ने बताया कि ये अपराधी व्हाट्सएप के माध्यम से ऑनलाइन गेमिंग के नाम पर लोगों से ठगी किया करते थे। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों के पास से 28 मोबाइल, 37 क्रेडिट और डेबिट कार्ड, 09 पासबुक और 05 लैपटॉप समेत कई सामग्रियां बरामद हुए हैं।

****

बोकारो जिले के नावाडीह थानाक्षेत्र से पुलिस ने तीन दिन पूर्व हुई डकैती मामले में तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक पूज्य प्रकाश ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों के पास से डकैती के नकदी, सामान और दो बाइक बरामद की गयीा है।

****

राज्य के लगभग सभी हिस्सों में मानसून का असर देखा जा रहा है। रांची स्थित मौसम विज्ञान केन्द्र के अनुसार, दो और तीन जुलाई को राज्य के उत्तर पूर्वी और निकटवर्ती मध्य भागों में भारी बारिश की संभावना है। इसमें रांची, रामगढ़, हजारीबाग, खूंटी, गुमला, बोकारो, देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ शामिल हैं। इस दौरान वज्रपात होने की भी संभावना है। इसे लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केन्द्र के अनुसार चार और पांच जुलाई को राज्य के अधिकांश हिस्सों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश के आसार हैं।

********समाप्त********